भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 142
गुरुवार, दिनांक 02 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर शहरों का विकास

142. श्रीमती भावना गवली (पाटील):
श्री कृपाल बालाजी तुमानेः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के प्रत्येक राज्य में कम से कम एक शहर को सौर शहर के रूप में विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में अब तक किन्हीं शहरों की पहचान की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य-वार कितनी निधि आवंटित और जारी की गई है; और

(ङ) सरकार द्वारा उक्त उद्देश्य को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ङ): नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से अनुरोध किया है कि वे सौर शहर के रूप में विकसित किए जाने हेतु कम से कम एक शहर की पहचान करें। अभी तक 26 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने सौर शहरों के रूप में विकसित किए जाने हेतु शहरों की पहचान की है। ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

सौर शहरों के विकास के लिए अलग से कोई योजना नहीं चलाई जा रही है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सौर शहरों के विकास के लिए सरकार की मौजूदा योजनाओं जैसे रूफटॉप सौर कार्यक्रम चरण-II आदि का कार्यान्वयन करने का परामर्श दिया गया है।

अनुलग्नक

'सौर शहरों का विकास' के संबंध में पूछे गए दिनांक 02.02.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 142 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सौर शहरों के रूप में विकसित किए जाने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा पहचाने गए शहर

क्र.सं.	राज्य	सौर शहर
1	असम	माजुली
2	बिहार	बोध गया, राजगीर, वैशाली
3	छत्तीसगढ़	नया रायपुर
4	दिल्ली	एनडीएमसी
5	गुजरात	द्वारका
6	हरियाणा	पंचकुला
7	हिमाचल प्रदेश	शिमला
8	झारखंड	गिरीडीह
9	कर्नाटक	बेलारी के होस्पेट और बीदर
10	केरल	तिरुवनन्तपुरम
11	मध्य प्रदेश	सांची
12	मेघालय	वेस्ट गारो हिल्स का तुरा कस्बा
13	ओडिशा	भुवनेश्वर
14	राजस्थान	पुष्कर और जैसलमेर
15	उत्तर प्रदेश	अयोध्या और प्रयागराज
16	उत्तराखंड	देहरादून
17	पश्चिम बंगाल	बीरभूम में प्रांतिक, शांतिनिकेतन
18	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	शहीद द्वीप
19	पंजाब	अमृतसर
20	सिक्किम	जोरथांग
21	त्रिपुरा	उदयपुर कस्बा
22	मिजोरम	सैतुअल
23	दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली	दीव शहर, दीव और दमनवाडा पंचायत, दमन
24	गोवा	पणजी
25	नागालैंड	कोहिमा और दीमापुर
26	जम्मू और कश्मीर	जम्मू

*****